पत्र सूचना शाखा
(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

मुख्यमंत्री ने कोरोना वायरस के सम्बन्ध में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक की

प्रत्येक जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में 10 बेड के आइसोलेशन वॉर्ड बनाने के निर्देश

इण्डो–नेपाल बॉर्डर तथा एयरपोर्ट्स आदि पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग, भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय व सम्पर्क स्थापित करते हुए इस सम्बन्ध में हर आवश्यक कदम उठाए

लखनऊ : 27 जनवरी, 2020

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज अपने सरकारी आवास पर कोरोना वायरस के सम्बन्ध में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग की समीक्षा बैठक की। उन्होंने प्रत्येक जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज में 10 बेड के आइसोलेशन वॉर्ड बनाने के निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने इण्डो–नेपाल बॉर्डर पर तथा एयरपोर्ट्स आदि पर विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग, भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ समन्वय व सम्पर्क स्थापित करते हुए इस सम्बन्ध में हर आवश्यक कदम उठाए। उन्होंने कोरोना वायरस के सम्बन्ध में सभी को जागरूक करने व सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिए।

———————

PN-CM-Corona Virus-27 January, 2020